नईदुनिया



# रविंद्र भवन में 'काकेशिया का चॉक सर्कल' ने बांधा समां



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल। राजधानी भोपाल के रविंद्र भवन में शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध नाटक 'द कॉकेशियन चॉक सर्कल' का प्रभावशाली मंचन किया गया।

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के टैगोर नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के एम.ए. ड्रामेटिक्स प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने सशक्त अभिनय और प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जर्मन नाटककार बर्टोल्ट ब्रेख्त की कालजयी कृति को रंगनिर्देशक अविजित सोलंकी ने मूल रंग-दृष्टि के अनुरूप मंच पर साकार किया। नाटक की कहानी युद्ध, सत्ता संघर्ष और मानवीय संवेदनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। विद्रोह के दौरान सत्ता परिवर्तन के बीच एक सेविका ग्रुशा परित्यक्त बालक को बचाने का साहसिक निर्णय लेती है और अनेक कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए उसकी परवरिश करती है। वर्षों बाद बच्चे के अधिकार को लेकर उत्पन्न विवाद अदालत तक पहुंचता है, जहां न्यायाधीश अज़दक अपने अनूठे फैसले से न्याय और मानवता का संदेश देते हैं। ग्रुशा की भूमिका में पूर्णिमा कुमारी ने भावनात्मक और प्रभावशाली अभिनय किया। अज़दक के रूप में विजय सरदार ने अपनी सशक्त प्रस्तुति से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। लवकुश कुमार पंडित, आशुतोष अग्निहोत्री, सुमित कुमार सागर और दक्ष कौशिक सहित अन्य कलाकारों ने भी अपने पात्रों को प्रभावी ढंग से मंच पर जीवंत किया। नाटक में सामूहिक गायन, संगीत और तकनीकी प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। सेट डिजाइन, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि संयोजन और वेशभूषा ने प्रस्तुति को और अधिक प्रभावशाली बनाया। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से तैयार इस मंचन ने न्याय, उत्तरदायित्व और मानवता जैसे गहरे सामाजिक प्रश्नों को प्रभावशाली ढंग से दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया।

## कैलेण्डर वर्ष 2024 के पाण्डुलिपि अनुदान की घोषणा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग, भोपाल द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2024 हेतु प्रदेश के लेखक की प्रथम कृति के प्रकाशनार्थ श्रेष्ठ पाण्डुलिपियों की घोषणा कर दी है।

प्रति पाण्डुलिपि रुपये 20,000/ की सहायता अनुदान प्रतिवर्ष कुल 40 पाण्डुलिपियों को दिया जाता है। साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने बताया कि कैलेण्डर वर्ष 2024 हेतु प्रदेश के लेखक की प्रथम कृति प्रकाशन योजना के अंतर्गत-निर्लेश तिवारी-इंदौर, कीर्ति सिंह-भोपाल, मीतू चतुर्वेदी परमार-रतलाम, अनुप्रणव मनमोहन उपाध्याय-उज्जैन, केपीएस चौहान-इंदौर, बीना दुबे-नर्मदापुरम, व्याप्ति उमड़ेकर-ग्वालियर, मेघा मैथिल-भोपाल, डॉ. मनमोहन प्रकाश श्रीवास्तव-इंदौर, प्रदीप औदिच्य-गुना, राखी जैन-इंदौर, अर्चना दिशा मिश्रा-भोपाल, सुभाष चन्द्र सिटोके-हरदा, हरिसिंह परिहार पतंग-नरसिंहगढ़, अजय जैन विकल्प-इंदौर, दिनकर पाठक-सीधी, रामकृष्ण द्विवेदी-रीवा, राहुल कुम्भकार-ब्यावरा, ललित कुमार पाण्डेय-रीवा, आदित्य हरि गुप्ता-सीहोर धर्मपाल सोनी मधुकर-ग्वालियर, संदीप कुमार परिहार-भोपाल, डॉ. खुशबू पांचाल-उज्जैन, सरफराज हसन-भोपाल, श्रद्धा सिंह यादव-भोपाल, अभिषेक द्विवेदी-रीवा, श्याम बिहारी सरल-शिवपुरी, सत्यदेव सोनी-भोपाल, निखिल पाटीदार-नरसिंहगढ़, राज कुमार बरुआ-भोपाल, अमन जादौन-शाजापुर, भावेश कानूनगो-देवास, मंजु जैन-देवास, कमलेश व्यास कमल-उज्जैन, सुदेश शांडिल्य-भोपाल एवं रुद्र प्रताप चौबे-उज्जैन की पांडुलिपि प्रकाशन सहायता अनुदान के लिए स्वीकृत हुई हैं।

## जबलपुर-कोयंबटूर स्पेशल ट्रेन की समय सारिणी कोंकण रेलवे में रहेगी परिवर्तित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 02198/02197 जबलपुर-कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का मानसून के दौरान कोंकण रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले स्टेशनों के समय सारिणी में आंशिक परिवर्तन किया गया है।

इस परिवर्तित मानसून समय सारिणी का संचालन दिनांक 19 जून 2026 से प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से तथा दिनांक 15 जून 2026 से प्रत्येक सोमवार को कोयंबटूर से किया जायेगा। मानसून के दौरान यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में *जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवाड़ा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, पनवेल एवं रोहा स्टेशनों की समय सारिणी यथावत रहेगी यानि कोई बदलाव नहीं रहेगा।

लेकिन कोंकण रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले दोनों दिशाओं के खेड़, चिपलुन, नागिरी, कणकवली, कुडाल, थीवम, मडगाव जंक्शन, कारवार, कुमटा, मूकाम्बिका रोड, कुन्दापुरा, उडुपी, मुल्की, मंगलुरु जंक्शन, कासरगोड, कन्नूर, वडकरा, कोजीकोड, तिरूर, शोरनूर जंक्शन, पालक्काड जंक्शन (पालघाट) एवं कोयंबटूर जंक्शन रेलवे स्टेशनों के समय सारिणी में आंशिक परिवर्तन किया गया है। उल्लेखनीय है की गाड़ी सांख्य 02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दिनांक 19 जून 2026 से 16 अक्टूबर 2026 तक (18 ट्रिप) प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से रात्रि 23:50 बजे प्रस्थान करेगी।

मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन रविवार को शाम 17:10 बजे कोयंबटूर जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी सांख्य 02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को कोयंबटूर से दोपहर 15:10 बजे प्रस्थान करेगी। मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन बुधवार को सुबह 08:45 बजे जबलपुर स्टेशन पहुंचेगी।

# एम्स में एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए योग एवं ध्यान सत्र आयोजित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के आयुष विभाग द्वारा एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए विशेष योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में लगभग 125 एमबीबीएस विद्यार्थियों ने भाग लिया। सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत संबोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर ने योग को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, तनाव प्रबंधन और स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने और भविष्य में चिकित्सा सेवाओं के दौरान भी इसके महत्व को समझने की प्रेरणा दी। आयुष विभाग की चिकित्सा अधिकारी (योग) डॉ. मुद्दा सोफिया के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षक डॉ. विजयता जैन ने हठ योग सत्र का संचालन किया। विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, श्वास तकनीक और शरीर को स्वस्थ रखने वाले अभ्यास कराए गए। इसके बाद शरीर क्रिया विज्ञान विभाग के प्रो. वरुण मल्होत्रा ने योगोदा सत्संग सोसायटी के दिशा-निर्देशों पर आधारित निर्देशित ध्यान सत्र का संचालन किया। ध्यान सत्र में प्रतिभागियों को सही ध्यान मुद्रा, मंत्रोच्चार, विश्राम तकनीक, सकारात्मक चिंतन और मानसिक एकाग्रता के अभ्यास कराए गए।

## धानुका एग्रीटेक की पांच किसान जागरूकता ऑडियो वैनों को कल हरी झंडी दिखाएंगे शिवराज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** किसानों को नकली कृषि उत्पादों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने विशेष अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत 14 जून 2026 को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल से पांच किसान जागरूकता ऑडियो वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के चेयरमैन एमेरिटस डॉ. आर. जी. अग्रवाल ने कहा कि नकली कृषि उत्पाद किसानों और फसलों के लिए गंभीर चुनौती हैं। उन्होंने किसानों से केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही कृषि उत्पाद खरीदने तथा बिल और पक्की रसीद अवश्य लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि ये ऑडियो वैनें एक माह तक मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में भ्रमण कर किसानों को नकली उत्पादों की पहचान, उनके दुष्प्रभाव और असली उत्पादों की खरीद के महत्व की जानकारी देंगी। उन्होंने कहा कि सरकार, उद्योग और किसानों के संयुक्त प्रयास से ही इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

# अभिलेखीय धरोहर संरक्षण के संकल्प के साथ शुरू हुआ अंतर्राष्ट्रीय अभिलेख सप्ताह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश अभिलेखागार, पुरातत्व एवं संग्रहालय संचालनालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार दिवस एवं अभिलेख सप्ताह 2026 का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सात दिवसीय आयोजन का शुभारंभ संयुक्त संचालक श्रीमती मनीषा शर्मा की उपस्थिति में हुआ, जिसमें विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने भाग लिया। श्रीमती मनीषा शर्मा ने ऐतिहासिक दस्तावेजों और अभिलेखीय धरोहर के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इसके प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. रमेश यादव ने धरोहर संरक्षण पर व्याख्यान दिया, जबकि श्री निलेश लोखंडे ने अभिलेखों के संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं प्रबंधन की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अभिलेखागार का भ्रमण कराकर दस्तावेजों के संरक्षण, सूचीकरण, डिजिटलीकरण एवं सुरक्षित भंडारण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही एमपी लाइब्रेरी वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप के प्रस्ताव का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। आगामी छह दिनों में विभिन्न व्याख्यान, प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं एवं शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## सूडोकु नवताल- 7810

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7809 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## काकुरो पहेली - 7483



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

10 / 6 → 1 2 3 4 ; ↑ 1 2 3


6+ 8 + 9 = 23
7+ 8 + 9 = 24
1 +2+ 3 + 4+5 = 15
1 +2+ 3 + 4+6 = 16

### काकुरो - 7482 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8880




**बाएँ से दाएँ**

1. भीगा हुआ-2
2. गाने वाला-3
4. दिया, चिराग-2
6. केश-2
7. जिससे ताला खुलता है-2
9. सूरमा -3
12. नख-3
14. तेरह गुणा चार-3
16. एक जैसा तल-4
17. दरवाजे की आवाज-2,2
18. कड़ा, तेज-3
20. आँखों के ऊपर की परत-3
22. साधुवाद देना, वाह-वाह-3
24. पुत्र, एक रंग-2
26. तुम का आदर सूचित शब्द-2
27. पत्र-2
28. आश्चर्य-3
29. तट, किनारा-2

**ऊपर से नीचे**


1. छोटा गीत-3
2. मुँह के दोनों ओर का भाग-2
3. जो पका न हो-2
5. हवा, वायु-3
6. बच्चा, बालक-2
8. वीणा, एक वाद्य-2
10. जितेन्द्र व रेखा की एक फिल्म-2,3
11. मूल्य, दर-2
13. मारकाट-5
14. बच्चा-3
15. नाज, अदा-3
19. पंजाब की एक नदी-2
20. जांच-पड़ताल-3
21. हुनर-2
22. बददुआ-2
23. नगर-3
25. बेल, कोमल लम्बा पौधा-2
26. फूलों का प्राकृतिक रस-2

### शब्द पहेली-8879 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7322



**बायें से दायें:-**

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछें' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब से' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम यहाँ' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंपई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7321

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | ध | न | | क्ष | त्रि | य | | ज | ख्मी |
| दि | | सी | मा | | दे | श | प्रे | मी | |
| श | बा | ब | | दे | व | | म | न | |
| | बु | | जो | श | | बा | गी | | खु |
| दौ | ल | त | | द्रो | ही | | त | ला | शी |
| ड़ | | ला | | ही | | पा | | ट | |
| | रे | श | नी | | आ | प | के | सा | थ |
| जं | ग | | य | की | न | | | ब | |
| ग | | | त | | बा | द | ल | | जी |
| ल | की | र | | डॉ | न | | की | म | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-7416

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | 3 |
| 5 | **33** | 3 | **35** | | **27** | |
| 4 | | 7 | 5 | 6 | 1 | |
| | **29** | | **45** | | **33** | |
| | 3 | | 7 | | 2 | 4 |
| 2 | **29** | 1 | **33** | 4 | **30** | 5 |
| | | 5 | | | 6 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 7415 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 |
| 5 | **38** | 3 | **32** | 1 | **27** | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 3 | **29** | 2 | **45** | 7 | **33** | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 2 | **24** | 1 | **36** | 4 | **30** | 5 |
| 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 8436

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | द | गा | र | ग | ब | ज | क | प | ल | क |
| दें | वि | ल | क | या | दों | का | मौ | स | म | ड़ |
| क | स | या | ल | र्म | छ | स | या | दी | ख | क |
| क | या | ल | र | क | वी | स | र | ल | श | क |
| क | री | दो | ग | क | ज | र | ग | ग | झ | क |
| जी | जिं | ल | प | नु | स | उ | द्दा | ण | घ | या |
| ती | दा | ल | श | सं | प | म | र | कौ | ला | दों |
| क | बा | या | र | मे | रा | क | फ | ना | श | की |
| क | द | ल | प | न | क | स | रा | औ | प | क |
| क | र | ल | प | व | जी | या | ऐ | ओ | प | स |
| क | क | ल | प | या | द | स | व्य | ब | प | म |

शब्द जाल में 'या' से शुरु होनेवाली 10 हिंदी फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

यादें, याद, यादगार, यार गद्दार, यार कसम, यार मेरा, यारी जिंदाबाद, याराना, यादों का मौसम, यादों की कसम.

### शब्दजाल - 8435 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | मा | चु | प | चु | प | के | ह | क | ल |
| हो | ला | सू | ह | वि | ल | जी | स | ल | क | भो |
| हे | वी | मा | द | अ | रा | त | र | म | ल | ग |
| रा | र | दा | ल | ल | क | स | ओ | ह | सु | म |
| फे | मु | न | ष | वी | म | मी | त | ल | न | भा |
| री | मी | स्कु | स | जि | क | क | प | च | स | ग |
| के | ह | बु | रा | टी | म | ली | टे | ल | र | दा |
| न | पू | कु | द | ह | प | नी | का | ला | पा | नी |
| हं | गा | मा | सू | ह | ट | ने | ने | ल | जी | क |
| सा | त | रं | ग | के | स | प | ने | री | क | ल |
| म | ह | न | ह | ज | तु | द | न | ज | ल | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore